महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

ऑस्ट्रेलिया की संस्था ने कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा को किया सम्मानित

वर्धा, 17 मार्च 2026: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा, साहित्य और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की कुलपति प्रोफेसर कुमुद शर्मा को ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित संस्था इंडियन लिटरेरी एंड आर्ट सोसाइटी ऑफ ऑस्ट्रेलिया द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "लैंग्वेज एंड लिटरेचर एक्सीलेंस अवार्ड" के रूप में प्रदान किया गया।

संस्था द्वारा जारी आधिकारिक वक्तव्य के अनुसार, प्रो. कुमुद शर्मा को यह सम्मान साहित्य, कला, पत्रकारिता तथा सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक और प्रभावशाली योगदान के लिए दिया गया है। उन्होंने न केवल हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारतीय भाषाई अस्मिता को सशक्त रूप से स्थापित करने का कार्य भी किया है।

महात्मा गांधी अतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति के रूप में प्रो. शर्मा ने विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में शोध, प्रकाशन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। विशेष रूप से हिंदी भाषा को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में स्थापित करने के प्रयासों को व्यापक सराहना मिली है।

ऑस्ट्रेलिया की संस्था के पदाधिकारियों ने अपने संदेश में कहा कि प्रो. कुमुद शर्मा का कार्य न केवल भारत, बल्कि विश्वभर में हिंदी प्रेमियों और साहित्यकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने भाषा और साहित्य को समाज से जोड़ते हुए उसे जन-जन तक पहुँचाने का सराहनीय प्रयास किया है। साथ ही, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनकी सक्रियता और योगदान भी अत्यंत प्रशंसनीय है।

उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिया गया यह सम्मान विश्वभर की उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देकर समाज को नई दिशा प्रदान की है। प्रो. कुमुद शर्मा का यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान का प्रतीक है, बल्कि हिंदी भाषा के वैश्विक सम्मान का भी परिचायक है।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305